

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 112
भोपाल, गुरुवार
11 जून 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.



03 रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों का लाखों रुपए डकारने वाले...



www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



पीवी सिंधु, तन्वी और आकर्षी दूसरे राउंड में पहूंचीं 06


# देश का गौरव: पूरे विश्व में बढ़ाने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के स्वर्णिम 12 वर्ष



**भोपाल ■ जगत शर्मा**

आज से लगभग डेढ़ दशक पहले की राजनीति का अगर अवलोकन करें, तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि भारत में न केवल एक स्थिर सरकार बनेगी, बल्कि इतनी मजबूत सरकार आएगी, जिसके कारण भारत का गौरव और दबदबा पूरे विश्व में हो जाएगा ।2014 में लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद जब भारत ने प्रधानमंत्री के रूप में तब के गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को चुना, तो एक आशा जरूर थी कि भारत अब तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और किसी देश के पिछलग्गू की भूमिका से बाहर निकाल कर अपना खुद का एक मजबूत बजूद बनाएगा।

क्योंकि इससे पहले गुजरात में नरेंद्र मोदी ने वह सब करके दिखा दिया था, जिसकी अपेक्षा भारत की जनता करती थी।2014 के बाद से अब तक देश ने तमाम ऐतिहासिक परिवर्तन देखे हैं, जो शायद 2014 के पहले काल्पनिक लगते थे। कभी किसी ने सोचा नहीं था कि कश्मीर से 370 धारा हटेगी, कभी किसी ने सोचा नहीं था कि कभी राम मंदिर बाबरी मस्जिद विवाद का हल निकलेगा और कथित विवादित भूमि पर भव्य रामलला का मंदिर बन सकेगा। कभी किसी ने सोचा नहीं था कि भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक और फिर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादी अड्डों को ही नष्ट करने का काम किया या जाएगा।

लेकिन 2014 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह सब कर दिखाया जो कभी असंभव था। आज भारत की सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है, और जो अब डिफेंस नहीं करती है बल्कि अटैक करने में भरोसा रखी है। नरेंद्र मोदी ने देश में निर्वाचित प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए , सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड तो बनाया ही है, साथ ही देश को मजबूत करने में अपनी जो भूमिका निभाई है वह सदियों तक भुलाई नहीं जा सकती।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के (2014-2026) के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में आर्थिक सुधार, डिजिटल क्रांति, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक राजनीतिक फैसले शामिल हैं। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा है।जून 2026 में प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 12 वर्ष पूरे होने पर, कुछ अतिमहत्वपूर्ण उपलब्धियां रेखांकित कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी उपलब्धियां

### ऐतिहासिक निर्णय अनुच्छेद 370 का खात्मा

अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा हटाकर उसे मुख्यधारा में शामिल किया गया। जिसके बाद जम्मू कश्मीर और लद्दाख तीन केन्द्र शासित प्रदेश बनाए गए। अब जम्मू-कश्मीर भारत की मुख्य धारा का प्रदेश है।

### तीन तलाक कानून

मुस्लिम महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा और अधिकार देने के लिए तीन तलाक की प्रथा को कानूनी रूप से प्रतिबंधित किया गया।

### राम मंदिर निर्माण

सदियों से विवादित मुद्दा खत्म किया गया अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्य संपन्न हुआ।

### रक्षा में आत्मनिर्भरता

भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड स्तर (38,400 करोड़) पर पहुंच गया और सेनाओं में स्वदेशी हथियारों को शामिल किया गया।

### डिजिटल क्रांति और आर्थिक सुधारक्क और डिजिटल पेमेंट्स

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) के जरिए भारत वैश्विक स्तर पर डिजिटल लेनदेन का लीडर बना, जो अब दुनिया के कई अन्य देशों में भी लाइव है।

### जीएसटी (GST) लागू होना

'एक देश, एक टैक्स' के संकल्प के साथ देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में ऐतिहासिक सुधार किया गया।जनधन खाता क्रांति: 50 करोड़ से अधिक गरीबों के बैंक खाते खोले गए, जिससे सरकारी योजनाओं का पैसा (DBT) सीधे लाभार्थियों तक बिना किसी भ्रष्टाचार के पहुंचने लगा।

### बुनियादी ढांचा राजमार्गों और एक्सप्रेसवे का जाल:

राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या 91 से बढ़कर 164 से अधिक हो गई है।

### हवाई अड्डों का विस्तार

देश में हवाई अड्डों की संख्या 12 वर्षों में 74 से बढ़कर 164 हो गई है।

### आधुनिक रेल और मेट्रो

वंदे भारत' जैसी आधुनिक ट्रेनें शुरू की गईं और देश के दर्जनों शहरों में मेट्रो नेटवर्क का रिकॉर्ड विस्तार किया गया।

### गरीब कल्याण और सामाजिक योजनाएं

#### आयुष्मान भारत योजना

*दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 70 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को सालाना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है ।*

#### उज्ज्वला योजना

*देश की 11 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए ।*

#### पीएम आवास योजना

*करोड़ों गरीब और बेघर परिवारों को पक्के मकान बनाकर दिए गए।*

#### स्वच्छ भारत अभियान

*देश भर में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों (इज्जत घर) का निर्माण कर स्वच्छता और महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा दिया गया।*

#### जल जीवन मिशन

*करीब 16 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में 'नल से जल' पहुँचाया गया।*

### मेगा प्रोजेक्ट्स का निर्माण

नया संसद भवन, अटल सेतु और दुनिया का सबसे ऊंचा चेनाब रेल ब्रिज बनकर तैयार हुआ।

---

राज्यसभा चुनाव

## नटराजन को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं, केवट का रास्ता साफ



**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है और अदालत ने इस मामले में तत्काल दखल देने से इनकार कर दिया है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर (RO) द्वारा रद्द किए जाने के बाद, कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था। नटराजन का नामांकन खारिज होने से अब भारतीय जनता पार्टी (BJP) के उम्मीदवार महेश केवट की निर्विरोध जीत का रास्ता साफ हो गया है।

उड़ता तीर




## अंतर्मना उवाच


***अथाह भीड़ की आपाधापी में, अपना कोई नहीं होता..!***

*हमने अपनों को जितना समय दिया है, काश उसका केवल **10 प्रतिशत समय** भी स्वयं को दिया होता, तो यू शायद मनुष्य इतना दु:खी, परेशान और डिप्रेशन का शिकार न होता। **जीवन के दो मार्ग हैं – एक भीतर का मार्ग, दूसरा बाहर का मार्ग...***

- ***भीतर के मार्ग** में सुख है, शांति है, आनंद है, बहार है। वहाँ हर दिन एक उत्सव है, हर क्षण एक त्योहार है।*
- ***बाहर के मार्ग में** – दु:ख, परेशानी, टेंशन, उलझन और केवल भागमभाग है। जहाँ न कोई स्पष्ट लक्ष्य है, न कोई मंज़िल।*

*यह जीवन मानो **कोल्हू के बैल** की यात्रा बन गया है – **चलना तो लगातार हो रहा है, पर पहुँचना कहीं भी नहीं हो पा रहा।***

*आज का मनुष्य ना अपनों से, ना अपने कार्यों से खुश हैं, और ना संतुष्ट। जिससे भी बात करो या पूछो – **बाबू, क्या आप अपने व्यापार से खुश हैं..?** उत्तर प्राय: **'नहीं'** ही मिलता है। नौकरी करने वाले से पूछो – **क्या आप अपने कार्य से संतुष्ट हैं..?** वहाँ भी वही असंतोष। बच्चों से पूछो – **क्या पढ़ाई में आनंद आता है..?** पति से पूछो – **क्या आप अपनी पत्नी से खुश हैं..?** पत्नी से पूछो – **क्या आप अपने पति से संतुष्ट हैं..?** सास बहू से खुश नहीं, बहू सास से प्रसन्न नहीं। कहने का मतलब है -- **जीवन सब जी रहे हैं, परंतु कोई भी न स्वयं से खुश है, न संतुष्ट।** इतनी मेहनत, इतना संघर्ष, इतना धन कमाने के बाद भी मन में केवल अफसोस और असंतोष क्यों है..? यदि आप किसी से पूछो – **आपके जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है..?** तो अधिकतर लोगों के पास कोई उत्तर नहीं होता। यदि पूछो -- **कितने करोड़ रुपये कमाने के बाद आप सुख और शांति से जीवन जी पाएँगे..?** तो वहाँ भी मौन ही मिलता है।*



अतिशय क्षेत्र वागोल पार्श्वनाथ जी, जिला, बाँसवाडा (राज)। कडक धूप, भीषण गर्मी, 42डिग्री तापमान में 60 मिनिट का उत्कृष्ट तप करते तपस्वी सम्राट अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज

***आप स्वयं विचार करना** – जब धन कम था, तब सुख अधिक था या आज धन बढ़ने के साथ दु:ख भी बढ़ गए हैं..!! **पहले का मनुष्य अभाव में भी सुखी था, आज का मनुष्य सद्भाव और साधनों के बीच भी दु:खी और परेशान है।** हर व्यक्ति अपने जीवन और अपने ही मन से संघर्ष कर रहा है। न कोई स्पष्ट उत्तर है, न कहीं स्थायी समाधान। सिर्फ समझदारी, आत्मचिंतन और संतोष ही जीवन का वास्तविक समाधान हैं। अन्यथ: **ऐसे ही न जाने कितनी ज़िंदगियाँ जी ली जाएँगी, पर समस्या वही रहेगी, परेशानी वही रहेगी, और मन की अशांति भी वैसी ही बनी रहेगी...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

---

## केरल में हिंदू और ईसाई में जन्म दर की तुलना में मृत्यु दर अधिक हो गई

**केरल, एजेंसी।** केरल में हिंदू और ईसाई समुदाय के लोगों के लिए एक चिंता की खबर है। केरल में हिंदू और ईसाई समुदायों में एक वर्ष में जन्म की तुलना में मृत्यु दर अधिक दर्ज की जा रही है। हिंदू और ईसाई समुदायों में प्राकृतिक वृद्धि दर अब नकारात्मक हो गई है, अर्थात जितने बच्चे जन्म ले रहे हैं, उससे अधिक लोगों की मृत्यु हो रही है। यह दोनों समुदाय के लोगों के लिए परेशान करने वाली खबर है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि राज्य में इन समुदायों के बीच जन्म और मृत्यु के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। मतलब साफ है कि इन दोनों समुदायों की जनसंख्या प्राकृतिक रूप से घट रही है।

## जयस्तंभ के ऑटोमोबाइल शोरूम में लगी आग

**रायपुर ■ एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के रायपुर में जयस्तंभ के ऑटोमोबाइल शोरूम में आग लगी है। बीते 2 घंटे से बुझाने का काम जारी है। जानकारी के अनुसार टायर, ट्यूब, प्लास्टिक के कारण आग तेजी से फैलती जा रही है। फायर बिग्रेड की गाड़ियों मौके पर मौजूद हैं। आग बुझाने का काम जारी है।

**बुझाने का काम जारी**



जानकारी के अनुसार बिल्डिंग में बड़ी मात्रा में ऑटो पार्ट्स और अन्य सामान रखा होने से आग तेजी से फैलती जा रही है। इतना ही नहीं आग ने ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है।

आग पर अभी काबू नहीं पाया जा सका है। सा?थ ही इसके लगने का कारण भी अज्ञात है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। इतना ही नहीं पुलिस ने आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद नुकसान का आकलन लगाया जा सकेगा।

## बैंक लॉकर से एक करोड़ के गहने गायब शिकायत पर मैनेजर ने पीड़ित को धुतकारा

**फर्रुखाबाद।** जिले के फतेहगढ़ स्थित एसबीआई शाखा में लॉकर से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात गायब होने का मामला सामने आया है। सेना से रिटायर्ड सूबेदार रामकुमार वर्मा ने बैंक मैनेजर समेत पांच लोगों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का दावा है कि 8 जून 2026 को लॉकर खोलने पर उसमें रखे कीमती आभूषण गायब मिले, जबकि लॉकर 2023 से उनके नाम पर था। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम और क्षेत्राधिकारी नगर अभय कुमार मौके पर पहुंचे, वहीं बैंक ने आरोपों से इंकार करते हुए आंतरिक जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद बैंक लॉकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

## अमेरिकी हमले में तीन भारतीयों की मौत, तेल टैंकर पर तैनात थे

### अमेरिका ने आज ईरान पर 49 टॉमहॉक मिसाइलें दागीं

**वॉशिंगटन डीसी ■ एजेंसी**

होर्मुज स्ट्रेट के पास बुधवार को तेल टैंकर 'एमटी सेत्तेबेल्लो' पर हुए अमेरिकी हमले में 3 भारतीयों की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनेवाल ने की। उन्होंने कहा कि अब तक दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने बताया था कि जहाज पर सवार 24 भारतीयों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि 3 भारतीय लापता थे। इस बीच अमेरिका और ईरान में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी हमले जारी हैं। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिकी सेना ने ईरान पर 49 टॉमहॉक मिसाइलें दागीं और लड़ाकू विमानों से भी हमले किए। ईरानी मीडिया के मुताबिक केश्म द्वीप, बंदर अब्बास, मीनाब और सीरिक में धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। इसके जवाब में ईरान ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है। हालांकि, किसी नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।



## बंगरा कस्बे में लगी भीषण आग, पुलिस चौकी सहित दुकानें जलकर खाक

**झांसी ■ एजेंसी**

जिले के उल्दन थाना क्षेत्र स्थित बंगरा कस्बे में गुरुवार देर रात भीषण अग्निकांड से हड़कंप मच गया। अज्ञात कारणों से लगी आग ने बंगरा पुलिस चौकी समेत करीब 10 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई।



आग की चपेट में भाजपा मंडल अध्यक्ष की दुकान व कार्यालय, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानें, मिठाई की दुकान समेत कई प्रतिष्ठान आ गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और झांसी पुलिस टीमों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान एक दमकल कर्मी गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### व्यापारियों ने की मुआवजे की मांग

प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है। प्रभावित व्यापारियों ने मुआवजे की मांग की है।

गिरिबाला ने महिला आयोग से कहा- सब ठीक है

## सीबीआई को मिली दूसरी पीएम रिपोर्ट बेल्ट छिपाने वाला एएसआई छुट्टी पर



**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल के ट्विशा शर्मा मौत मामले में शुरू से फंदा लगाने वाली बेल्ट छिपाने के मामले में संदिग्ध एएसआई दिनेश शर्मा छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने अवकाश की वजह- बीमार होना बताया है। वहीं बुधवार, 10 जून को मप्र महिला आयोग की टीम ने जेल में बंद रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह से मुलाकात की। इस दौरान ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह, देवदत्त पटनायक की किताब 'द प्रेग्नेंट किंग' पढ़ती मिलीं। हालांकि, टीम को देखकर उन्होंने किताब साइड में रख दी और कहा कि सब ठीक है, मुझे कोई परेशानी नहीं है।

बताते हैं, महिला आयोग टीम जेल में यह जांचने पहुंची थी कि गिरिबाला सिंह को भोपाल सेंट्रल जेल में कोई विशेष सुविधा तो नहीं मिल रही है। इस दौरान टीम ने महिला वार्ड, अस्पताल, रसोईघर, लाइब्रेरी, आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर और ब्यूटी पार्लर का निरीक्षण किया।

मामले में बेल्ट छिपाने वाला एएसआई दिनेश शर्मा छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने बीमारी के नाम पर अवकाश लिया है।

उधर, सीबीआई ने ट्विशा शर्मा का इलाज करने वाले मनोरोग चिकित्सकों से पूछताछ की। डॉक्टर्स के बयान दर्ज किए हैं। सूत्र बताते हैं इस दौरान डॉक्टर ने कुछ पर्चे भी सीबीआई को दिखाए हैं।

मामले में आरोपी गिरिबाला सिंह की ओर से जिला कोर्ट में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की रीना वर्मा और श्रेयस सक्सेना ने वकालतनामा पेश किया। दोनों वकील विधिक सेवा प्राधिकरण (लीगल सर्विस अथॉरिटी) से जुड़े हैं, इसलिए कोर्ट ने प्राधिकरण से अनुमति मांगी है।

### CBI मेडिकल और डिजिटल सबूत इकट्ठा जुटा रही

ट्विशा शर्मा की मौत केस में सीबीआई को दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिल चुकी है। अब एजेंसी मेडिकल, डिजिटल और फोरेंसिक सबूतों का मिलान कर रही है। जांच में प्रेग्नेंसी, अबॉर्शन, शरीर पर मिले चोटों के निशान और फांसी के फंदे से जुड़े तथ्यों पर फोकस किया जा रहा है।

## FIFA WORLD CUP 2026

**सबसे बड़े खिताबी दावेदार किसे माना जा रहे हैं?**

अर्जेंटीना, ब्राजील, स्पेन और फ्रांस को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है।

**फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी कौन कर रहा है?**

अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको संयुक्त रूप से टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।

**फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप 2026 में कितनी टीमें हिस्सा ले रही हैं?**

पहली बार 48 टीमें विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं।

## 48 टीमों के महासंग्राम का आगाज आज से

### क्या मेसी दोहराएंगे इतिहास या ब्राजील खत्म करेगा 24 साल का इंतजार ?

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

*नॉर्थ अमेरिका में आयोजित होने जा रहा फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप 2026 फुटबॉल इतिहास का सबसे बड़ा विश्व कप बनने जा रहा है। पहली बार 48 टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी और यही वजह है कि दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों की नजरें इस मेगा इवेंट पर टिकी हैं। नए प्रारूप, बड़े मुकाबलों और कई दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण यह विश्व कप पहले से कहीं ज्यादा रोमांचक माना जा रहा है।*

*फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप 2026 का सबसे बड़ा आकर्षण इसका नया प्रारूप है। पहले जहां 32 टीमें खेलती थीं, वहीं अब 48 देशों को मौका मिला है। 12 ग्रुप बनाए गए हैं और हर ग्रुप में चार टीमें होंगी। प्रत्येक टीम तीन ग्रुप मैच खेलेगी।*



*ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सीधे अगले दौर में पहुंचेंगी, जबकि आठ सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें भी नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी। इस बदलाव से अधिक देशों को विश्व मंच पर खेलने का अवसर मिलेगा और प्रतियोगिता का दायरा पहले से कहीं अधिक व्यापक हो जाएगा।*

*विश्व कप के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक अर्जेंटीना और लियोनेल मेसी होंगे। 38 वर्षीय मेसी अपने रिकॉर्ड छठे विश्व कप में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह संभवत: मेसी का आखिरी विश्व कप होगा।*

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने नाबालिग बेटे को बनाया शराब तस्करी का हथियार

**भोपाल।** थाना कजलीखेड़ा पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़कर उसके पास से 56 लीटर कच्ची महुए की शराब जप्त की है। जॉच में सामने आया की बाल अपचारी से उसका पिता शराब तस्करी करवाता था। फिलहाल आरोपी पिता फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरिक्षक पल्लवी पाण्डेय ने बताया की बीती रात थाना टीम को सूचना मिली की एक व्यक्ति फोरेस्ट नाके की और से बाइक पर बैग में कच्ची शराब भरकर ला रहा है। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर बाइक पर आ रहे व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला की बाइक चालक 16 वर्ष का नाबालिग किशोर है। उसके पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर उसमें करीब 6 हजार कीमत की कच्ची देशी महुए की शराब बरामद हुई। बाल अपचारी से पूछताछ करने पर उसने बताया की उसका पिता मांगीलाल तोमर उसे बाइक देकर ग्राम कठोतिया से कच्ची शराब मंगवाते हैं, वह शराब को छिपाकर उसे बैग में भरकर लाकर पिता को सौंप देता है। इसके बाद उसका पिता खुद भी अवैध शराब बेचने के साथ ही उससे भी शराब बिकवाता हैं।

### विधवा महिला को अपनाने का झांसा देकर 8 साल तक किया दुष्कर्म

**भोपाल।** शहर के कमला नगर थाना इलाके में आरोपी द्वारा विधवा महिला को अपनाने का झांसा देकर 8 साल तक उसका दैहिक शोषण किये जाने का मामला सामने आया है। बीते दिनो जब उसने शादी करने से इंकार किया तब पीड़िता थाने जा पहुंची। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया की वह क्षेत्र में ही स्थित बस्ती में रहती है। उसकी पूर्व में शादी हुई थी, उसकी दस साल की बेटी भी है। बेटी के जन्म के कुछ साल बाद पति का देहांत हो गया था। पति के निधन के बाद आरोपी सोनू धनवारे उसके संपर्क में आया जो बाजार में ठेला लगाने का काम करता है। दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानते हैं। सोनू उससे नजदीकियां बढ़ाकर पहले मदद करता रहा। और बाद में उसने कहा की वह उससे शादी करेगा और उसकी बेटी को भी अपना लेगा। पीड़िता को भी सहारे की तलाश थी, उसके झांसे में आकर महिला ने उस पर विश्वास कर लिया। इसके बाद आरोपी पिछले आठ साल से उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

### पति से अलग रह रही महिला को शादी का झांसा देकर किया रेप

**भोपाल।** कजली खेड़ा थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके परिचित युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने उसे शादी का वादा कर होटल में मिलने के बहाने बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। ज्यादती के दो दिन बाद ही आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया जिसके बाद मामला थाने पहुचं गया। पुलिस के अनुसार, शुजालपुर की रहने वाली महिला ने अपनी शिकायत में बताया की वह अपने पति से अलग हो चुकी है। परिवार के लोग उसकी दूसरी शादी करना चाहते थे। करीब दो माह पूर्व बस व ट्रेन से सफर के दौरान उसकी पहचान आरोपी राजा मीना के एक रिश्तेदार से हुई थी। रिश्तेदार उसे राजा मीना की के घर ले गया। वहाँ उसका परचिय राजा से हुआ बातचीत के बाद राजा ने उसे उसके गाँव भरेड भी छोड़ा।

---

भोपाल के ईरानी डेरे में निशातपुरा पुलिस की दबिश

# इनामी बदमाश फरारी काटता मिला, निगरानीशुदा भी गिरफ्तार

### लूट-चोरी सहित कई मामलों में वांटेड हैं आरोपी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल में फरार अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए निशातपुरा पुलिस ने एक बार फिर ईरानी डेरा अमन कॉलोनी में दबिश दी। करीब 40 पुलिसकर्मियों की टीम के साथ की गई इस कार्रवाई से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 17 हजार रुपए के इनामी निगरानी बदमाश सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरार इनामी बदमाश ने पुलिस को बताया कि वह डेरे में लंबे समय से फरारी काट रहा है।




पुलिस कमिश्नर संजय सिंह के निर्देश पर 10 जून की शाम ईरानी डेरे में विशेष सर्चिंग और रेड कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने संदिग्धों की तलाश के साथ ही फरार आरोपियों और वारंटियों की जानकारी जुटाई। जिसके बाद कार्रवाई शुरू की।

कार्रवाई के दौरान निशातपुरा थाने के निगरानी बदमाश सालिग उर्फ रेहान ईरानी को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ भोपाल सहित अलग-अलग जिलों में लूट, चोरी, जालसाजी, मारपीट और हत्या के प्रयास जैसे 24 गंभीर अपराध दर्ज हैं।

**तीन जिलों की पुलिस को थी तलाश:** आरोपी पर अलग-अलग मामलों में 17 हजार का इनाम घोषित था। इसमें थाना रानीपुर जिला बैतूल के प्रकरण में 10 हजार, कोतवाली रायसेन के मामले में 5 हजार और थाना पिपलानी भोपाल के प्रकरण में 2 हजार का इनाम शामिल है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी जारी था।

**रिजवान पर दर्ज हैं 15 अपराध:** पुलिस ने जिला पन्ना के एक मामले में संदेही रिजवान हुसैन को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार रिजवान के खिलाफ चोरी, लूट, जालसाजी और मारपीट सहित 15 गंभीर अपराध मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों में दर्ज हैं।

**पूछताछ में खुल सकते हैं कई राज:** दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान अन्य वारदातों और गिरोह से जुड़े लोगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

पुलिस लगातार ईरानी डेरे में रहने वाले संदिग्ध अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। अधिकारियों का दावा है कि लगातार कार्रवाई के चलते मोबाइल झपटमारी और संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी आई है। कार्रवाई में निशातपुरा, छोला मंदिर, गांधीनगर थाना पुलिस भी शामिल थी।

---

आरोपी, फरियादी और जांचकर्ता रेल कर्मी इसलिये जांच पर गंभीर संदेह

# रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों का लाखों रुपए डकारने वाले सचिव के खिलाफ पुलिस में तहरीर तक नहीं

भोपाल ■ क्राईम रिपोर्टर

काली कमाई का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शायद सबसे ज्यादा रुपये की भूख शासकीय खासकर केंद्रीय कर्मचारियों को होती है। राजधानी में रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों का लाखों रुपये डकारने वाले सचिव के खिलाफ पुलिस में शिकायत तक नहीं की गई। जबकि इस मामले में रेल अधिकारी जांच में लग गए हैं। लाखों रुपये का गबन करने के आरोपी नितिन परमार, शिकायत कर्ता और जांचकर्ता सबके सब रेल कर्मचारी है ऐसे में जांच कितनी कारगर होगी इस पर संदेह उठना स्वभाविक है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम रेलवे कालोनी स्थित रेलवे समाज कल्याण केंद्र द्वारा संचालित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की लाखों रुपये फीस का घपला किया गया है। रेलवे समाज कल्याण केंद्र के सचिव नितिन परमार पर आरोप है कि उन्होंने नियम विरुद्ध स्कूल की उक्त राशि हड़प की है। हड़प की गई राशि 40 लाख के आसपास हो सकती है बच्चों को लाने ले जाने वाली बस को भी बेच दिया गया, कार्यकारिणी की बगैर सहमति से यहां मनमाना कार्य हुआ है। 2023 में समाज कल्याण केंद्र का चुनाव होने के बाद परमार सचिव बने वह रेलवे में कर्मचारी है।

रेल कर्मचारियों के द्वारा ही कल्याण केंद्र का संचालन होता है यह शहर की बहुप्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था है। रेल अधिकारियों के अलावा केंद्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्री और राज्यपाल जैसी हस्तियां कल्याण केंद्र में आ चुकी है। पहली बार इस संस्था में आर्थिक अपराध जैसी घटना सामने आई है। जो अपने आप में शर्मसार करने वाली है

**कल्याण केंद्र में अपना कल्याण:** विद्यार्थियों को उच्चतम शिक्षा देकर समाज के कल्याण की सोच को लेकर संस्था का गठन किया गया था परन्तु समाज का कल्याण करने के बजाए सचिव अपने ही कल्याण में लगे रहे।

**दो माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला:** सचिव नितिन परमार राशि हड़प कर जलवा और जलजला दिखाते रहे परन्तु स्कूल में 16-17 कर्मचारी है जिन्हें दो माह से वेतन तक नहीं दिया गया।

इसके अतिरिक्त, यदि हड़पे गए पैसों या संपत्ति का व्यक्तिगत रूप से दुरुपयोग किया गया है, तो धारा 314 के तहत भी कार्रवाई हो सकती है, जिसमें 6 महीने से लेकर 2 साल तक की कैद का प्रावधान है।

#### सजा का प्रावधान

निजी स्कूल संचालक द्वारा विद्यार्थियों की फीस के लाखों रुपए हड़प लेने (गबन करने) पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 316 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। इसके तहत संचालक को 7 साल तक की जेल और भारी जुर्माने की सजा का प्रावधान है।

---

भोपाल को सिलेंडर फ्री बनाने का प्लान

# 4 बड़ी कॉलोनी में 100% PNG कनेक्शन देने पर फोकस; चार इमली को भी जोड़ा



भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश में पिछले 3 महीने से LPG संकट चल रहा है। भोपाल में भी यह संकट बरकरार है। कई एजेंसियों पर सिलेंडर की बुकिंग को लेकर लोग परेशान हैं। बुधवार को ही एक एजेंसी पर हंगामा हुआ। ऐसे में अब खाद्य विभाग भोपाल को सिलेंडर फ्री बनाने की कवायद में जुट गया है। जिन इलाकों में PNG (पाइप्ड नेचुरल गैस) लाइन बिछ चुकी है, उन्हें अब सिलेंडर नहीं दिए जाएंगे। इसे लेकर प्लान भी तैयार किया गया है।

फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि भोपाल में थिंक गैस के जरिए पीएनजी कनेक्शन दिए जा रहे हैं। ये लाइन मिसरोद से शुरू हुई है और होशंगाबाद रोड के दोनों ओर की कॉलोनियों को कवर किया गया है। बावड़ियाकलां, सलैया, अयोध्या बायपास, अवधपुरी, साकेत नगर के अधिकांश घरों में कनेक्शन हो चुके हैं। वहीं, चार इमली में भी काम चल रहा है।

अब तय किया है कि जिन क्षेत्रों में लाइन बिछ रही है, वहां 100 प्रतिशत कनेक्शन देने के बाद आगे की कॉलोनी में काम शुरू किया जाए। इसलिए 4 बड़ी कॉलोनियों को लिस्टेड किया है। इनमें बावड़ियाकलां स्थित केराल केनसिप, अवधपुरी स्थित सौम्या पार्कलैंड, अयोध्या बायपास स्थित सागर लैक व्यू होम्स और सलैया स्थित आकृति ग्रीन शामिल हैं।

फूड कंट्रोलर जादौन ने बताया कि थिंक गैस कंपनी ने होशंगाबाद रोड के दोनों ओर समेत कुल172 कॉलोनियों में गैस लाइन बिछाई है।

---

# गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरे किये जाये प्रोजेक्ट: ओम जैन

भोपाल ■ अमृत दर्शन

एमपी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल के सभी रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की। 3 घंटे चली मैराथन बैठक में अध्यक्ष ओम जैन और बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने सभी प्रोजेक्ट पर बारीकी से बात की। बैठक के दौरान कई प्रोजेक्ट की देरी पर अध्यक्ष जैन ने मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिडेंसिफिकेशन योजना के अंतर्गत सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाये। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

विलंब से चल रही योजनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि इसकी एक रिपोर्ट बनाई जाये और जिम्मेदारी तय की जाये। कमिश्नर गौतम सिंह ने निर्देश दिये कि जहां देरी हुयी है वहां अनुबंध के अनुसार ठेकेदार और



संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाये। गौतम सिंह ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। बैठक में मंडल आयुक्त गौतम सिंह, अपर आयुक्त श्री महेन्द्र सिंह एवं सम्पूर्ण प्रदेश के उपायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

राजधानी में 217 करोड़ रुपये की लागत से नया कलेक्ट्रेट परिसर रिडेंसिफिकेशन पॉलिसी के अन्तर्गत ही बन रहा है। इसका टेंडर जारी हो चुका है। साथ ही पुराने कलेक्ट्रेट परिसर से सरकारी ऑफिसों का खाली होना भी शुरू हो चुका है।

---

निगम ने हटाए विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

# जिला प्रशासन की कार्यवाहियों में सहयोग देकर अवैध डेयरी को तोड़ा तथा झुग्गियों को हटवाया

भोपाल ■ अमृत दर्शन

नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त षिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण कर बनें अवैध चबूतरे, नाली के ऊपर रखी फर्शियां, आवागमन में बाधक चार पहिया वाहन, मलमा, टीन की चादर, सब्जी आदि की दुकानें, दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड टेबिल, स्टूल, कुर्सी व अन्य अतिक्रमणों को हटाकर ठेले, कैरेड, कुर्सी आदि जप्त की। निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्यवाहियों में सहयोग देकर कलियासोत डेम क्षेत्र



में अवैध रूप से संचालित 06 डेयरियों को तोड़ा तथा भदभदा क्षेत्र से 03 झुग्गियों को हटाने की कार्यवाही की।

निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने बुधवार को कटारा अमलतास चौराहा, कटारा स्प्रींग वेली, कटारा हिल्स सागर गोल्ड फार्म कालोनी, कटारा अटंलांटस, 11 मील, एम.पी. नगर जोन-2, लिंक रोड नं0-1,2,3, माता मंदिर प्लेटीनम प्लाजा, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, रंगमहल, भारत माता चौराहा, बिट्ठल रवि शंकर मार्केट, शैतान सिंह चौराहा, कस्तुरबा नगर जनता क्वार्टर, हथाईखेड़ा, रायसेन रोड, रायसेन रोड राम मंदिर, अयोध्या बायपास, प्रभात चौराहा, मण्डी चौराहा, अषोका गार्डन, नवीन नगर, पुष्पा नगर, हमीदिया रोड, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं0-6, भोपाल टॉकीज, रविन्द्र भवन, आजाद मार्केट, भारत टॉकीज, डी.आई.जी बंगले आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए शैतान सिंह चौराहा क्षेत्र घर के सामने अवैध रूप से बना 01 चबूतरा, अशोका गार्डन क्षेत्र से 04 चबूतरों को तोड़ा। निगम अमले ने कस्तूरबा नगर में 01 अवैध निर्माण रूकवाया, रायसेन रोड गुप्ता कालोनी में सर्विस रोड पर रखा मलमा, अयोध्या बायपास में सांची पार्लर का बाहर रखा सामान, नवीन नगर में नाली के ऊपर रखी फर्शियां, भारत टॉकीज से आवागमन में बाधक 03 चार पहिया वाहनों को हटवाया तथा ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड टेबिल, स्टूल, कुर्सी व अन्य अतिक्रमणों को हटाकर 09 ठेले, 03 कैरेड, 01 फायबर कुर्सी आदि जप्त की।

---

परिवहन विभाग ने तैयार किया किराए का फॉर्मूला

# एक अगस्त से बस से इंदौर और भोपाल का सफर 200 रुपए तक सस्ता होगा?

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मप्र सरकार की 'सुगम बस सेवा' का सुगम किराया लगभग तय हो गया है। 1 अगस्त से शुरू हो रहे पहले चरण में इंदौर को मुख्य केंद्र बनाया गया है। यहां से प्रदेश के बड़े शहरों व जिलों के लिए कुल 250 बसें रवाना की जाएंगी।

सरकार ने इसका बेसिक फेयर 1.25 प्रति किमी तय किया है (यानी हर 100 किमी पर 125)। इस फॉर्मूले के आधार पर प्रमुख शहरों की दूरी के हिसाब से एक 'प्रस्तावित किराया सूची' तैयार की गई है।

पहले चरण में इंदौर से चलने वाली 250 बसों में से 50 बसें अंतर्राज्यीय होंगी, यानी कम खर्च में दूसरे राज्यों का सफर कर सकेंगे। परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह बस सेवा अहम प्रोजेक्ट है। इसमें किराया भी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर तय किया जा रहा है।



#### निजी ऑपरेटर्स की मनमानी पर लगाम

मप्र में अब तक बस किराया तय करने के लिए कोई वैज्ञानिक फॉर्मूला नहीं था, जिससे त्योहारों या शादियों के सीजन में निजी बस संचालक मनमाना किराया वसूलते थे। सुगम बस का यह तय फॉर्मूला अब उन्हें कड़ी टक्कर देगा। सरकार का असली मास्टर प्लान अगले 3 साल में 5,206 सुगम बसें सड़कों पर उतारने का है, जिसे तीन अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा।

पड़ोसी राज्यों से सस्ता किराए की नई व्यवस्था के लागू होने से मध्य प्रदेश में बसों का सफर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों की तुलना में सस्ता हो जाएगा।

---

# अधिक मास की परमा एकादशी आज, व्रत साधना का है विशेष महत्व

भोपाल ■ अमृत दर्शन

परमा एकादशी व्रत अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के कृष्ण पक्ष की एकादशी को रखा जाता है, जो हर तीन साल में केवल एक बार आने के कारण अत्यंत दुर्लभ और पुण्यदायी माना गया है। वर्ष 2026 में यह पावन व्रत आज रखा जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना करने से जीवन की घोर दरिद्रता दूर होती है और व्यक्ति को स्वर्ण दान व अश्वमेध यज्ञ के समान फल मिलता है।



शुभ मुहूर्त और पारण का समय वैदिक पंचांग के अनुसार तिथियों और पारण का समय इस प्रकार है । एकादशी तिथि का प्रारंभ 11 जून को प्रातः 12:57 बजे से तथा एकादशी तिथि का समापन 11 जून को रात्रि 10:36 बजे तक व्रत रहेगा उसके बाद पारण का समय 12 जून (शुक्रवार) को प्रातः 05:23 बजे से 08:10 बजे के बीच का रहेगा।

**व्रत की सरल पूजा**- सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और स्वच्छ पीले वस्त्र धारण कर व्रत का संकल्प लें। उसके बाद मंदिर में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की मूर्ति या चित्र के सामने घी का दीपक जलाएं।

**पूजन सामग्री अर्पित करें:** भगवान को पीले फूल, चंदन, अक्षत और धूप अर्पित करें। श्रीहरि को पीले रंग की मिठाई या फलों का भोग लगाएं। भोग में तुलसी का पत्ता (तुलसी दल) जरूर रखें, क्योंकि इसके बिना भगवान भोग स्वीकार नहीं करते।

**मंत्र जाप करें:** 'नमो भगवते वासुदेवाय' महामंत्र का कम से कम 108 बार जाप करें या विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

**कथा और आरती:**

पूजा के अंत में परमा एकादशी की व्रत कथा सुनें और आरती गाएं,

पौराणिक व्रत कथा (संक्षेप में)

पद्म पुराण के अनुसार कामपिल्य नगरी में सुमेधा नाम का एक परम दानी और धार्मिक ब्राह्मण अपनी पतिव्रता पत्नी पवित्रा के साथ रहता था। पूर्व जन्म के पापों के कारण वे दोनों भयंकर गरीबी का सामना कर रहे थे। एक दिन उनके घर महर्षि कौण्डिन्य पधारे। ब्राह्मण दंपत्ति ने भूखे रहकर भी ऋषि की बहुत सेवा की ऋषि कौण्डिन्य ने उनकी दशा देखकर उन्हें अधिक मास की परमा एकादशी का व्रत रखने का उपदेश दिया। ऋषि के कहे अनुसार दोनों ने पूरी श्रद्धा से यह व्रत किया और रात्रि जागरण किया।

व्रत के प्रभाव से भगवान विष्णु अत्यंत प्रसन्न हुए और उनकी कुटिया को धन-धान्य और स्वर्ण मुद्राओं से भर दिया। इस व्रत के प्रताप से उनकी सारी दरिद्रता मिट गई और अंत में उन्हें विष्णुलोक (बैकुंठ) की प्राप्ति हुई। मान्यताओं के अनुसार, इसी व्रत को करके धनपति कुबेर को देवताओं के कोषाध्यक्ष का पद मिला था।

**व्रत के जरूरी नियम (क्या करें और क्या न करें)**

**अनाज का त्याग:** एकादशी के दिन चावल, गेहूं, दालें और अन्य अनाज पूरी तरह वर्जित हैं। इस दिन फलाहार (फल, दूध या सात्विक फलाहारी भोजन) का सेवन किया जा सकता है।

**तामसिक भोजन से दूरी:** एकादशी और उससे एक दिन पहले (दशमी को) लहसुन, प्याज या किसी भी तामसिक भोजन का सेवन न करें।

**दान का महत्व:** इस दिन सुपात्र ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को अन्न, जल, छाता या वस्त्र का दान करना महापुण्यकारी माना जाता है ।

---

### युवक ने फांसी लगाई, कारण अज्ञात

**भोपाल।** टीला जमालपुरा थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक कबीटपुरा में रहने वाला आयुष सुलेभान (22) निजी काम करता था। मकान में वह ग्राउंड फ्लोर पर पत्नी के साथ रहता था, जबकि उसकी ऊपरी वाली मजिंल पर बड़े भाई परिवार के साथ रहते है। सोमवार रात करीब नौ बजे आयुष ने अपने कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सकें। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौपं दिया है।

